-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 03.06.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गुम हुए 05 वर्षीय बच्चे के एक घण्टे के भीतर खोजकर परिजनों को सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 03.06.2025 को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गुम हुए 05 वर्षीय बच्चे को खोजकर परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 03.06.2025 को थाना अतर्रा क्षेत्र के पचोखर की रहने वाली एक महिला द्वारा थाना अतर्रा पर सूचना दी गई कि वह अपने 05 वर्षीय बच्चे अतुल के अतर्रा बाजार आई थी तथा वह कही बाजार में गुम हो गया। सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष अतर्रा श्री आनन्द कुमार द्वारा बच्चे के सकुशल बरामदगी हेतु टीम गठित करते हुए कस्बे में जाकर आस-पास के लोगों से पूछताछ करते हुए बच्चे को एक घण्टे के भीतर सकुशल बरामद कर उसकी माँ को सुपुर्द किया गया। महिला द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।